आकाशवाणी केन्द्र शिमला
29.05.2026/प्रादेशिक समाचार/19:45बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए एक प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण दे रही राज्य सरकार।
- प्रदेश में 16 जून से शुरू होगा जनगणना 2027 का पहला चरण–डिजिटल तकनीक से पहली बार होगी जनगणना।
- पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के तीसरे व अंतिम चरण के लिए कल प्रदेश की एक हज़ार एक सौ 87 पंचायतों में होगा मतदान–सभी तैयारियां पूरी।
- पीएम विकास योजना के तहत प्रदेश के 2 हज़ार 4 सौ 20 युवाओं व महिलाओं को मिलेगा प्रशिक्षण।
- राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश स्थानों पर ओलावृष्टि व वर्षा– लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार डॉ. वाई.एस. परमार विद्यार्थी ऋण योजना के तहत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए 20 लाख रुपये तक का ऋण एक प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध करवा रही है। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में उनसे मिलने आए पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित अनुसूचित जनजातीय क्षेत्र के 21 विद्यार्थियों से बातचीत के दौरान ये बात कही। उन्होंने विद्यार्थियों से इस सुविधा का भरपूर लाभ उठाकर जीवन में अपने लक्ष्य हासिल करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के एक सौ 56 से अधिक स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू किया है। इन स्कूलों में विद्यार्थियों को कला, विज्ञान और वाणिज्य संकायों में शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस बीच एशियन कुराश कप सीनियर वर्ग के कांस्य पदक विजेता सौरव सुमन ने भी आज शिमला में मुख्यमंत्री से भेंट की। सौरव सुमन ने 22 से 25 मई तक उज्बेकिस्तान के नुकुस में आयोजित एशियन कुराश कप प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सौरव सुमन की ये उपलब्धि प्रदेश के युवाओं को खेलों और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी।

जनगणना–2027

प्रदेश में जनगणना–2027 के पहले चरण की गणना 16 जून से 15 जुलाई 2026 तक आयोजित की जाएगी। हिमाचल प्रदेश जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक दीप शिखा शर्मा ने शिमला में बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल तकनीक, मोबाइल एप और स्व–गणना की सुविधा से लैस होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनगणना पर 86 करोड़ रुपए खर्च होंगे। दीप शिखा शर्मा ने कहा कि पहला चरण मकान सूचीकरण व आवास गणना का होगा, जो 16 जून से 15 जुलाई तक चलेगा जबकि इस बार नागरिकों को स्व–गणना की सुविधा भी दी जाएगी। इसके लिए एक जून से 15 जून तक ऑनलाइन पोर्टल उपलब्ध रहेगा, जहां परिवार स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले चरण के सफल संचालन के लिए लगभग 20 हज़ार 6 सौ 30 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की तैनाती की जाएगी।

पंचायत चुनाव

प्रदेश में कल 30 मई को पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के तीसरे व अंतिम चरण के लिए मतदान होगा। मतदान के लिए चुनाव आयोग से सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और दोपहर बाद 3 बजे तक चलेगा। मतदान के तुरंत बाद पंचायतों में प्रधान, उपप्रधान और सरपंचों के लिए पड़े वोटों की गिनती होगी जबकि जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए हुए मतदान की गिनती 31 मई को होगी। 31 मई को ही प्रदेश के चार नगर निगमों सोलन, मंडी, पालमपुर और धर्मशाला के लिए हुए चुनाव की मतगणना भी होगी। पंचायतीराज संस्थाओं के तीसरे चरण के चुनाव के लिए कल एक हजार एक सौ 87 पंचायतों में वोट डाले जाएंगे। उधर सिरमौर की जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने बताया कि कल अंतिम चरण में जिले की नवासी पंचायतों में मतदान होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रकिया को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर दी गई हैं।

पीएम विकास योजना

हिमाचल प्रदेश उद्यमिता विकास केंद्र को केंद्र सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा पीएम विकास योजना के कियान्वयन के लिए प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटिंग एजेंसी के रूप में चुना गया है। इस योजना के तहत प्रदेश के कुल 2 हज़ार 4 सौ 20 युवाओं और महिलाओं को कौशल विकास व उद्यमिता से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और हिमाचल प्रदेश उद्यमिता विकास केंद्र के बीच आज नई दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश इलाकों में आज शाम के समय तेज़ वर्षा व ओलावृष्टि होने से तापमान में हल्की गिरावट आई है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है। शिमला जिला के ऊपरी इलाकों में कहीं—कहीं अत्याधिक ओलावृष्टि से सेब सहित अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा है।

एमओयू

अकादमिक, अनुसंधान और कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय और महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी बिहार के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया। ये समझौता राष्ट्रीय शिक्षा नीति और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के दिशा—निर्देशों के तहत किया गया है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सतप्रकाश बंसल ने कहा कि इस एमओयू के तहत दोनों विश्वविद्यालय संयुक्त रूप से कई अकादमिक और शोध गतिविधियों को आगे बढ़ाएंगे।

वन अग्नि

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के चलते वनों में आग की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। प्रदेश भर में वनों में आग लगने की अब तक 2 सौ 63 घटनाएं दर्ज की जा चुकी हैं, जिनमें 3 हज़ार 3 सौ 28 हैक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार वनों में आग लगने की घटनाओं से करीब 82 लाख रूपए से अधिक का नुकसान हो चुका है। मंडी सर्किल में वन अग्नि की करीब 87 घटनाएं दर्ज की गई हैं और 5 सौ 13 हैक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र आग की चपेट में आया है।